प्रेसनोट, दिनांक 30.09.2025
थाना कोतवाली सदर,
जनपद उन्नाव

# गैर इरादतन हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 24.09.2025 को वादी अजय पुत्र अनिल निवासी ग्राम मगरवारा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव की तहरीरी सूचना पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 839/2025 धारा 115(2)/352/118(1) बीएनएस बनाम रन्जीत पुत्र सत्यनारायण सविता निवासी ग्राम महनौरा थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव पंजीकृत कराया गया था। आज दिनांक 30.09.2025 को प्र0नि0 संजीव कुमार कुशवाहा मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रंजीत सविता उपरोक्त को आलाकत्ल चाकू सहित मगरवारा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी एवं अन्य संकलित साक्ष्य से अभियोग में धारा 115(2)/118(1) बीएनएस को लोप करते हुए धारा 105 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 105/352 भादवि में मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जिला कारागार उन्नाव भेजा गया।

**नाम पता अभियुक्त-**

रंजीत सविता पुत्र सत्यनारायण सविता निवासी ग्राम महनौरा थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव हाल पता ग्राम पीपरखेड़ा शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 25 वर्ष

**बरामदगीः-** एक अदद चाकू आलाकत्ल

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

प्र0नि0 संजीव कुमार कुशवाहा

निरीक्षक अपराध राजेश यादव

उ0नि0 अरविन्द पाण्डेय

हे0का0 विजय शर्मा

का0 प्रवीण कुमार

का0 अनिल कुमार



प्रेसनोट, दिनांक 30.09.2025
थाना अचलगंच,
जनपद उन्नाव

# दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 10.09.2025 को वादी मुकदमा की तहरीर पर थाना अचलगंच पर मु0अ0सं0 483/2025 धारा 65(1) बीएनएस व ¾ (2) पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था । आज दिनांक 30.09.2025 को नि0 इरशाद त्यागी मय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित अभियुक्त संजय पुत्र प्रकाश रैदास उम्र 27 वर्ष निवासी कुरमापुर थाना अचलगंज जनपद उन्नाव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्त-**

संजय पुत्र प्रकाश रैदास निवासी कुरमापुर थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र 27 वर्ष।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक इरशाद त्यागी
2. उ0नि0 लक्ष्मीनारायण द्विवेदी
3. का0 अनुराग कुमार
4. म0आ0 पूजा यादव



प्रेसनोट, दिनांक 30.09.2025
थाना हसनगंज जनपद उन्नाव

# अश्लील फब्तियां कसने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस द्वारा अश्लील फब्तियां कसने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरणः-** आज दिनांक 30.09.2025 को थाना हसनगंज पर गठित मिशन शक्ति टीम के द्वारा तहसील मोड मोहान बांगरमऊ रोड से महिलाओ व बालिकाओ को देखकर अश्लील हरकते करना व अश्लील गाना गाते समय अभियुक्त अजीत पुत्र मेवालाल निवासी मुन्नीखेडा थाना हसनगंज जनपद उन्नाव उम्र करीब 29 वर्ष को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना हसनगंज पर मु0अ0सं0 343/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्त-**

अजीत पुत्र मेवालाल उम्र करीब 29 वर्ष निवासी मुन्नीखेडा थाना हसनगंज जनपद उन्नाव ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1 व0उ0नि0 श्री इशरत हुसैन
2 हे0का0 धर्मेन्द्र सिंह
3 का0 जितेन्द्र यादव
4 का0 शाहेआलम
5 म0का0 लक्ष्मी भदौरिया



प्रेसनोट, दिनांक 30.09.2025
थाना मांखी जनपद उन्नाव

# 103 किलो 950 ग्राम विद्युत एल्यूमिनियम तार के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना माखी पुलिस द्वारा 103 किलो 950 ग्राम विद्युत एल्यूमिनियम तार के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरणः-** आज दिनांक 30.09.2025 को उ0नि0 मोहनलाल मय हमराह पुलिस बल द्वारा माखी से पूरानिस्फपंसारी नहर के पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेकिंग के दौरान एक आटो नहर कोठी की तरफ से आता दिखायी दिया जब उसको रुकने का इशारा किया तो आटो चालक अपने आटो को पीछे मोडने लगा तो पुलिस बल द्वारा घेर कर आटो को रोक कर चैकिंग की गयी तो आटो में बैठे दो व्यक्ति 01. कल्लू उर्फ इश्तियाक अली पुत्र समशेर अली उम्र 22 वर्ष नि0 मोह0 जोगियाना बडी बाजार के आगे थाना सफीपुर जनपद उन्नाव 02. मोहम्मद समीर पुत्र मो0 जाकिर उम्र 22 वर्ष मोहल्ला बाया तालाब जामी सराय थाना सफीपुर जनपद उन्नाव को कब्जे से दो विधुत तारो के बण्डल जिनका वजन क्रमशः 51 Kg 250 ग्राम व 52.700 किलो ग्राम कुल 103.95 किलोग्राम पाया गया, के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मांखी पर दोनो अभियुक्तगणों के विरुद्ध मु0अ0सं0- 406/25 धारा- 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

**नाम पता अभियुक्त-**

1. कल्लू उर्फ इश्तियाक अली पुत्र समशेर अली उम्र 22 वर्ष नि0 मोह0 जोगियाना बडी बाजार के आगे थाना सफीपुर जनपद उन्नाव
2. मोहम्मद समीर पुत्र मो0 जाकिर उम्र 22 वर्ष मोहल्ला बाया तालाब जामी सराय थाना सफीपुर जनपद उन्नाव

## बरामदगी का विवरणः-

1. 51 Kg 250 ग्राम
2. 52.700 किलो ग्राम  कुल 103.950 किलोग्राम विद्युत एल्यूमिनियम तार

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.वरि0उ0नि0 मोहनलाल

2.उ0नि0 दिनेश चन्द

3. हे0का0 संजय कुमार

4. हे0का0 अलाउद्दीन

5. का0 राजू

